मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 45 | अंक : 277 | रविवार 1 फरवरी 2026 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
FOLLOW US | NEWS LIVE | Google Play | GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**सुनेत्रा पवार बनीं पहली महिला उप मुख्यमंत्री**

# 12+4 नगरसेवकों का पद खतरे में!

- जिलाधिकारी ने 9 फरवरी की तारीख दी
- विषय समिति सभापति के चुनाव अधर में लटके



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ कांग्रेस के 12 नगरसेवकों एवं राकांपा के 4 नगरसेवकों का पद खतरे में है. रायगड़ जिले के म्हसला नगर पंचायत में राकांपा के 7 नगरसेवकों ने पक्षांतर करके शिवसेना में चले गए थे. जिलाधिकारी ने उन सातों नगरसेवकों का पद रद्द कर दिया है. इसी आधार पर ये कहा जा रहा है कि अंबरनाथ के भी 12 कांग्रेसी नगरसेवकों पर पद रद्द होने की तलवार लटक रही है.

सत्ता की खातिर कांग्रेस के 12 नगरसेवकों ने भाजपा का पट्टा अपने गले में डाल लिया था. जिसका वीडियो वायरल हो गया था और शहर की जनता ने भी अपनी आंखों से देखा है. जबकि इन 12 नगरसेवकों का कहना है कि उन्होंने पक्षांतर करके भाजपा में प्रवेश नहीं किया है. वह अपक्ष हैं. उनका पद रद्द नहीं होगा. दूसरी ओर अंबरनाथ विकास आघाड़ी भाजपा व अन्य पक्ष एवं शिवसेना-राकांपा की आघाड़ी के गट वाला मामला जिलाधिकारी के पास प्रलंबित है. ये मसला उच्च न्यायालय में गया था. न्यायालय ने जिलाधिकारी के पास ये प्रकरण भेजा है. जिसकी तारीख 28 जनवरी थी. 28 को अजित पवार के निधन के कारण 29 जनवरी रखी गई थी. अब जिलाधिकारी ने 9 फरवरी की तारीख दी है.

### नहीं हो पा रही जनरल बॉडी मीटिंग

अंबरनाथ नपा विषय समिति सभापति के चुनाव शेष हैं. जिसके कारण नगरसेवकों की जनरल बॉडी मीटिंग भी नहीं हो पा रही है. जिलाधिकारी ने अगर 9 फरवरी को किसी भी गट के विरुद्ध निर्णय दिया तो वह उच्च न्यायालय का सहारा ले सकता है. इस लिए अब ये प्रकरण और कितने महिने तक चलेगा, बताया नहीं जा सकता. पहले गुट से दूसरे गुट को समर्थन देने वाले राकांपा (अ.प.) उप नगराध्यक्ष सदाशिव पाटिल और उनके तीन नगरसेवकों के पद का क्या होगा? ये भी सस्पेंस बना हुआ है.

# निर्विरोध हुए महापौर व उपमहापौर चुनाव

## 3 फरवरी को औपचारिक घोषणा

## शिवसेना की अश्विनी निकम महापौर व भाजपा के अमर लुंड उपमहापौर

- आखिरकार महायुति की सत्ता बनी
- सांसद श्रीकांत शिंदे की उपस्थिति में भरे गए आवेदन
- विरोधी पक्ष नहीं रहा उल्हासनगर में





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका में आखिरकार महायुति ने अपना कब्जा कर लिया है। महापौर उपमहापौर पद के लिए आवेदन के अंतिम दिन शिवसेना की ओर से अश्विनी कमलेश निकम और भाजपा की ओर से अमर गोबिंदराम लुंड ने फॉर्म भरे। उनके विरोध में किसी ने भी फॉर्म नहीं भरने से वो बिनविरोध चुनाव जीत चुके हैं जिसकी औपचारिक घोषणा आगामी 3 फरवरी 2026 को होगी। सांसद श्रीकांत शिंदे की देखरेख में यह महायुति का बिनविरोध चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में भाजपा की बल्ले बल्ले हो गई तो वहीं शिवसैनिक नाराज दिखे कि पुराने शिवसैनिक को महापौर पद नहीं दिया गया है। महापौर-उपमहापौर का कार्यकाल कितना होगा इस पर सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि महायुति के वरिष्ठ नेता तय करेंगे और सभी विशेष समितियों का चुनाव भी महायुति के वरिष्ठ नेताओं की सहमति से होगा। अब यह ढाई वर्ष का कार्यकाल है या सवा साल का यह तो समय ही बताएगा। फिलहाल दोनों पक्ष दोस्ती के गठबंधन के तहत सत्ता हासिल कर लिए हैं।

- **मतदाता ठगा हुआ महसूस कर रहे**

पिछले कई वर्षों से शहर की खस्ता हालत के जिम्मेदार प्रशासन व सत्ताधारी है। इस चुनाव में मतदाताओं को परिवर्तन का मौका देने के लिए भाजपा व शिवसेना अलग-अलग चुनाव लड़ें और दोनों ही 50-50 की स्थिति में आ गए और अब जो चुनाव में दुश्मन बन बैठे थे अब वो सत्ता का सुख साथ भोगेंगे। मतदाताओं का कहना है कि साथ मिलकर ही सत्ता में बैठना था तो चुनाव में अलग-अलग लड़ने का नाटक क्यों हुआ। विरोधी पक्ष न होने से शहर के मुद्दे अब धरे के धरे रह जाएंगे और महायुति के तहत सहमित से शहर हित व शहर अहित के मुद्दे पास होते रहेंगे।

- **आयलानी-कालानी फिर एक साथ**

उल्हासनगर मनपा चुनाव में 2017 में कालानी ने भाजपा में प्रवेश करके आयलानी के साथ मिलकर मनपा में सत्ता बनाई। वहीं 2026 के मनपा चुनाव में कालानी ने शिवसेना में प्रवेश कर महायुति के तहत एक बार फिर आयलानी के साथ सत्ता की भागीदारी में आ गए हैं। महापौर-उपमहापौर चुनाव के दौरान विधायक कुमार आयलानी व पूर्व विधायक पप्पू कालानी साथ में देखे गए। जिसका विरोध करके वोट बटोरे वो जनता अब इन दोनों को साथ देखकर आश्चर्यचकित है।

### स्वीकृत नगरसेवकों की दौड़ शुरू

महापौर-उपमहापौर चुनाव के बाद अब 8 स्वीकृत नगरसेवकों के चयन को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। जबकि भाजपा व शिवसेना ने अपने नाम तय कर लिए हैं। भाजपा की ओर से स्वीकृत नगरसेवकों की दौड़ में भाजपा के चुनाव प्रमुख प्रदीप रामचंदानी, पैनल 15 से हारे धनंजय बोडारे, पैनल 6 से हारी हेमा पिंजानी व बाला श्रीखंडे के नाम चल रहे हैं। जबकि भाजपा से वरिष्ठ व पढ़े लिखे युवा जो टिकट से वंचित हुए उन्हें पद मिलना चाहिए। शिवसेना से भी टीओके कोटा से पंचम कालानी, संतोष पांडे व सुमित चक्रवर्ती के नामों की जोरों पर चर्चा है, शिवेसना से रमेश चव्हाण का नाम लिया जा रहा है। वहीं वंचित आघाड़ी ने कहा है कि हमारा समर्थन शिवसेना को है ना कि भाजपा को। हमें उपमहापौर पद और एक स्वीकृत नगरसेवक का जो वादा किया गया था वो भविष्य में पूरा करने को सेना ने कहा है।

### सिंधी समाज में नाराजगी



पूर्व विधायक पप्पू कालानी ने शहर की हालत की दुहाई देते हुए अपने भाषण में यह तक कह दिया था कि अगर मुझे सत्ता नहीं मिली तो मैं शहर छोड़कर चला जाऊंगा। शिवसेना के साथ रहकर 13 सीटें लेकर कालानी सत्ता में भी आ गए और ओबीसी महापौर के तहत महापौर पद भी पा लिया। लेकिन सिंधी समाज के ओबीसी नगरसेवक को दर किनार करक अपने ही मानस पुत्र कहे जाने वाले कमलेश निकम की पत्नी को महापौर बनाया। जिस कारण सिंधी समाज व व्यापारी समाज में नाराजगी देखी जा रही है कि जिस समाज ने उन्हें भर भरकर वोट दिए उन्हें महापौर पद नहीं दिया। डिम्पल कुमारी ठाकुर महापौर दौड़ में सबसे आगे चल रही थी।

### भाजपा व शिवसेना के गट नेताओं का रोल



उल्हासनगर मनपा में महायुति के तहत महापौर-उपमहापौर चुनाव निर्विरोध हो गए। इसमें अहम भूमिका भाजपा गट नेता राजेश वधरिया व शिवसेना गट नेता अरुण आशान ने निभाई। आगामी समय में भी सभी विषय समिति के चुनाव में वरिष्ठों के मार्गदर्शन में यह दोनों नेताओं का पूरा रोल रहेगा।

# ट्रेनों में चोरी के आरोप में एक आरोपी गिरफ्तार

**कल्याण.** एक्सप्रेस और लोकल ट्रेनों में हुई चोरी की कई घटनाओं के सिलसिले में राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने 52 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, कल्याण जीआरपी ने इस सप्ताह की शुरुआत में कल्याण पूर्व के विट्ठलवाडी निवासी दिलीप रामावतार साहू (52) को गिरफ्तार किया और उसके पास से 7.15 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण व मोबाइल फोन जब्त किए गए। कल्याण जीआरपी के वरिष्ठ निरीक्षक पंढरी कांडे ने बताया कि पुलिस 16 जनवरी को कल्याण रेलवे स्टेशन पर हुई सोने की चेन की चोरी मामले की जांच कर रही थी। उन्होंने कहा, ''तकनीकी विश्लेषण और व्यस्त समय के दौरान लगातार गश्त कर रेलवे स्टेशन पर जाल बिछाया गया, जिसके बाद आरोपी को पकड़ लिया गया।'' अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने कल्याण जीआरपी के क्षेत्र में कई चोरियों में शामिल होने की बात कबूल की।

# ड्रेनेज के लिए खुदाई करते समय पाइपलाइन टूटी



**उल्हासनगर.** जनप्रतिनिधियों की काबिलियत का असली पैमाना यही है कि वे लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी में रुकावट डालने वाली दिक्कतों को समय पर पहचानें और तुरंत कदम उठाएं, और यह एक बार फिर उल्हासनगर कैंप नंबर 4 में देखने को मिला। कैंप-4 में सतरामदास हॉस्पिटल के पास UFC ग्रुप एरिया में ड्रेनेज लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदते समय अचानक पाइपलाइन टूट गई, जिससे इलाके में पानी की सप्लाई की दिक्कत हो गई। लोगों को होने वाली परेशानी की संभावना को देखते हुए, स्थानीय नगरसेविका इंदिरा पाटिल ने तुरंत वॉटर सप्लाई डिपार्टमेंट और एडमिनिस्ट्रेशन से कॉन्टैक्ट किया और संबंधित सिस्टम ने तुरंत काम करना शुरू कर दिया।

संबंधित डिपार्टमेंट ने युद्धस्तर पर काम करते हुए, टूटी पाइपलाइन को तुरंत ठीक किया और पानी की सप्लाई बहाल कर दी। इस अचानक आई टेक्निकल दिक्कत ने लोगों में चिंता का माहौल बना दिया था। हालांकि, समय रहते काम करने से बड़ी परेशानी टल गई। इस बारे में कॉर्पोरेटर इंदिरा पाटिल ने कहा, 'हमारी प्राथमिकता यह पक्का करना है कि वार्ड के लोगों को कोई परेशानी न हो। बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए चल रहे विकास कार्यों की गति और प्रवाह भविष्य में भी जारी रहेगा।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**कल्याण.** एक दर्दनाक सड़क हादसे में 52 साल की महिला की मौके पर ही मौत हो गई. यह हादसा गोपीनाथ चौक के पास उस समय हुआ, जब सड़क निर्माण कार्य में लगे एक डंपर ट्रक ने एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में बाइक पर पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गई और डंपर के पिछले पहिए के नीचे आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस के अनुसार मृतक महिला की पहचान नम्रता नारायण साल्वी के रूप में हुई है.

# बदलापुर में लोकल ट्रेन पकड़ते समय महिला की मौत

- प्लेटफार्म से नीचे गिरी और ट्रेन की चपेट में आई
- एक साल पहले हुई थी शादी

**बदलापुर.** बदलापुर रेलवे स्टेशन से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस की ओर जा रही लोकल ट्रेन पकड़ते समय एक महिला की मौत हो गई। उसने हाथ से दरवाज़ा पकड़ा, लेकिन पैर नीचे नहीं रख पाई और महिला नीचे गिर गई और लोकल ट्रेन की चपेट में आ गई. महिला का नाम चेतना चंद्रशेखर देवरुखकर है। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना सुबह 8:11 बजे CSMT लोकल ट्रेन पकड़ते समय हुई। घटना रेलवे स्टेशन पर लगे CCTV में कैद हो गई।



28 साल की चेतना जुवेली के जगन्नाथ गैलेक्सी में रहती थी। उसकी शादी एक साल पहले हुई थी। आज सुबह, हमेशा की तरह, वह मुंबई की ओर जाने वाली सुबह 8.11 बजे की फास्ट लोकल ट्रेन पकड़ने के लिए अपने घर से निकली थी। स्टेशन पहुंचने के बाद, जैसे ही उसने देखा कि लोकल ट्रेन चल पड़ी है, उसने प्लेटफॉर्म से निकल रही लोकल ट्रेन पकड़ने की कोशिश की और प्लेटफॉर्म के नीचे गिर गई। बदकिस्मती से, क्योंकि प्लेटफॉर्म आखिर में था, वह सीधे लोकल ट्रेन के पहियों के नीचे गिर गई और इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

जब यात्रियों को हादसे का एहसास हुआ, तो उन्होंने तुरंत लोकल ट्रेन रोकी और उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस हादसे का CCTV सामने आया है और सिर्फ चेतना ही नहीं बल्कि कई महिलाएं भी लोकल ट्रेन शुरू होने से पहले उसे पकड़ने के लिए दौड़ रही थीं। इसलिए, सुबह महिला कोच में लोकल ट्रेन पकड़ने की कोशिश एक बार फिर सामने आई है।

अगर आप सुबह 8.11 बजे वाली लोकल ट्रेन नहीं पकड़ पाते हैं, तो बदलापुर से 40 मिनट बाद एक लोकल ट्रेन है। इसलिए, पैसेंजर सुबह 8.11 बजे वाली इस लोकल ट्रेन को पकड़ने के लिए जल्दी में रहते हैं।

# वैद्यकीय महाविद्यालय, रुग्णालय निर्माण का रास्ता खुला

- अंबरनाथ फार्मिंग सोसायटी की 210 एकड़ जमीन सरकार जमा

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ फार्मिंग सोसायटी को सन 1963 में खेती के लिए दी गई 210 एकड़ जमीन मुंबई उच्च न्यायालय ने सोसायटी को सरकार के हवाले करने का आदेश दिया है. ये जमीन बिनामूल्य दी गई थी. इस जमीन का बड़े पैमाने पर गैरवापर किया गया है. सस्था ने अनुदान के शर्तों का उल्लंघन किया है. मुंबई उच्च न्यायालय ने फार्मिंग सोसायटी की अपील को खारिज करते हुए राज्य सरकार को पुनः ग्रहण करने का आदेश दिया है, जिससे शासन द्वारा मंजूर किए गए शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय व रुग्णालय निर्माण का रास्ता साफ हो गया है.



अंबरनाथ पूर्व में सभी सुविधाओं से लैस शासकीय रुग्णालय व वैद्यकीय महाविद्यालय निर्माण किया जाएगा. ये रुग्णालय 430 बेड का होगा. वैद्यकीय महाविद्यालय भी बनेगा, जिसमें 100 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करेंगे. ये महाविद्यालय गत दो वर्ष पूर्व एक निजी इमारत में शुरू हो चुका है. पहले वर्ष 100 विद्यार्थी दूसरे वर्ष 100 इस तरह कुल 200 विद्यार्थी यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. इस विद्यालय में महाराष्ट्र राज्य से आए हुए विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. अंबरनाथ में महाविद्यालय व रुग्णालय के लिए विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने प्रयत्न किया है. लेकिन जिस जमीन पर ये निर्माण होना था, वह फार्मिंग सोसायटी की जमीन होने के कारण सोसायटी ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था. जिसका निर्णय अब आ चुका है. फार्मिंग सोसायटी से ये जमीन 3 महिने के भीतर लेना है, जिसके लिए कार्यवाही शुरू हो चुकी है. ऐसा तहसीलदार अमित पुरी ने कहा है. जमीन के अधिग्रहण होने से अंबरनाथ में बहुत जल्द वैद्यकीय महाविद्यालय व रुग्णालय निर्माण का रास्ता खुल गया है, जिसके लिए निविदा सूचना भी निकाली गई है.

# हाजी मलंग यात्रा के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट

- अधिकारियों ने रोपवे पर कुछ समय के लिए लगाई रोक

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के हाजीमलंग वाड़ी में श्री पीर हाजी मलंग साहिब दरगाह उरुस में हजारों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हिललाइन पुलिस स्टेशन ने खास इंतजाम किए हैं। पालकी और संदल के दिन भारी भीड़, इस साल शुरू हुई फनिक्युलर रोपवे सर्विस और हाजीमलंग की सीमित क्षमता को देखते हुए 2 फरवरी को कुछ घंटों के लिए ट्रैफिक और रोपवे पर रोक लगाई गई है। उल्हासनगर सर्कल 4 के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस सचिन गोरे ने श्रद्धालुओं से नियमों का पालन करके सहयोग करने की अपील की है।





- **8-10 हजार पर्यटकों की क्षमता**

पालकी वाले दिन हाजीमलंग और तलहटी में भक्तों और गाड़ियों की भारी भीड़ होने की संभावना है। खास बात यह है कि प्रशासन ने इस साल नई शुरू हुई फनिक्युलर रोप-वे सर्विस की वजह से गढ़ में जाने वाले भक्तों की संख्या बढ़ने की पूरी संभावना जताई है। चूंकि हाजीमलंग में एक बार में सिर्फ 8 से 10 हजार भक्तों की कैपेसिटी है, इसलिए भीड़ को कंट्रोल करने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत पड़ी है।

- **शाम 4 बजे तक फ्युनिक्युलर सेवा**

भक्तों की जान और पैसे की सुरक्षा को देखते हुए और किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए, सीनियर अधिकारियों के आदेश के मुताबिक 2 फरवरी, 2026 को खास पाबंदियां लगाई गई हैं। इसके मुताबिक, किले में जाने के लिए फ्युनिक्युलर रोप-वे सर्विस सिर्फ सुबह 8.30 बजे से शाम 4.00 बजे तक ही चालू रहेगी। शाम 4 बजे के बाद किले में जाना मना है, और नीचे जाने के लिए रोप-वे सर्विस अगले 3 घंटे तक चालू रहेगी। साथ ही, भीड़ और ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए ववंजे गांव से मलंगगड आने वाले सभी तरह के ट्रैफिक (ज़रूरी सेवाओं को छोड़कर) को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।

### यात्रा, उरुस, संदल और पालकी कार्यक्रम

- हर साल की तरह श्री पीर हाजी मलंग साहिब दरगाह की यात्रा, उरुस, संदल और पालकी 29 जनवरी, 2026 से 7 फरवरी, 2026 तक हाजी मलंगवाड़ी में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। इस यात्रा का मुख्य प्रोग्राम 2 फरवरी, 2026 को दोपहर 12.00 बजे से 3 फरवरी को सुबह 6.00 बजे तक होगा।

- **प्लान्ड पार्किंग**

तलहटी में एक प्लान्ड पार्किंग की जगह बनाई गई है, और उस जगह से भक्तों के लिए स्पेशल बस सर्विस दी गई हैं। जोशी बाग इलाके में सभी तरह की गाड़ियों (ज़रूरी सेवाओं को छोड़कर) की एंट्री पर भी बैन रहेगा. प्राइवेट गाड़ियों के लिए अलग पार्किंग की सुविधा होगी।



## संक्षेप...

### हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

**ठाणे.** ठाणे पुलिस की अपराध शाखा ने हत्या के मामले में तीन संदिग्धों को गिरफ्तार कर 24 घंटे के भीतर मामले को सुलझा लिया। ठाणे नगर पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक गोरखनाथ गर्गे ने बताया कि पीड़ित महेश नखवा का शव बुधवार को मिला। ठाणे नगर पुलिस थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया है, वहीं अपराध शाखा की संपत्ति प्रकोष्ठ ने समानांतर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के बाद, क्राइम ब्रांच की टीम ने मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर नायगांव के एक भोजनालय से संदिग्ध काली उर्फ रघु चौहान (27), और कवि विनूभाई मंगोलिया (21) को पकड़ा। दोनों गुजरात भागने की फिराक में थे।

# सुनेत्रा पवार बनीं पहली महिला उप मुख्यमंत्री

■ **राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई**



**मुंबई.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के दिवंगत अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली. शपथ के कुछ ही घंटों बाद उनके विभाग की भी घोषणा कर दी गई. सुनेत्रा 4 अहम विभाग संभालेंगी. महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार को राज्य एक्साइज ड्यूटी, खेल और युवा कल्याण, अल्पसंख्यक विकास और औकाफ विभाग मिले हैं.

अजीत पवार के इन विभागों को संभालेंगे मुख्यमंत्री फडणवीस

दिवंगत अजीत पवार के पास कुछ ऐसे भी विभाग थे, जिसे अब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस संभालेंगे. जिसमें प्लानिंग और फाइनेंस विभाग शामिल हैं. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार नीत NCP के घटक वाली महायुति सरकार में अजित पवार उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री थे. उनकी 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई.

**राकांपा विधायक दल का नेता चुना गया**

राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे चुकीं सुनेत्रा को लोक भवन में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. इससे पहले दिन में, उन्हें औपचारिक रूप से राकांपा विधायक दल का नेता चुना गया.

**अजित दादा अमर रहें के नारे लगे**

सुनेत्रा पवार जब शपथ लेने के लिए उठीं तो अजित दादा अमर रहें जैसे नारे लगाए गए. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और छगन भुजबल सहित अन्य लोग समारोह में उपस्थित थे. सुनेत्रा पवार के छोटे बेटे जय पवार और उनकी पत्नी भी शपथग्रहण समारोह में मौजूद थीं.

**मती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की संभावना**

सुनेत्रा राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन की सदस्य नहीं हैं. उनके बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की संभावना है जो उनके पति अजित पवार के निधन से खाली हुई है.

**2024 में सुनेत्रा लड़ी थीं लोकसभा चुनाव**

राजनीतिक परिवार से संबंध रखने वाली और चर्चाओं से दूर रहने वाली सुनेत्रा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने चुनावी करियर की शुरुआत की थी. उन्होंने पवार परिवार के गृह क्षेत्र बारामती में अपनी ननद और मौजूदा राकांपा (शप) की सांसद सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनाव लड़ा था. सुले से हारने के बाद, वह राज्यसभा के लिए चुनी गईं.

# कल्याण में अजितदादा पवार को श्रद्धांजलि अर्पित



**कल्याण.** राज्य के उपमुख्यमंत्री तथा बीड जिले के पालकमंत्री अजितदादा पवार के अचानक एवं दुःखद निधन से संपूर्ण महाराष्ट्र शोकसागर में डूब गया है। इस असह्य दुःखद अवसर पर कल्याण–डोंबिवली महानगरपालिका कार्यालय के समक्ष राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारी, व्यापारी संघटनाओं के सदस्य तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों के मान्यवरों द्वारा एकत्रित होकर नम आँखों से अजितदादा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके निर्भीक नेतृत्व, जनता के लिए किए गए कार्य और संघर्षमय यात्रा की स्मृतियाँ इस अवसर पर प्रत्येक के मन में उमड़ आईं। इस दौरान राकांपा के प्रदेश सचिव सचिव वल्ली राजन ने कहा कि दादा का जाना महाराष्ट्र के लिए कभी न भरने वाली क्षति है। उन्होंने कहा कि जनता के प्रश्नों के लिए सदैव संघर्ष करने वाले, सामान्य व्यक्ति से स्नेहपूर्वक व्यवहार करने वाले दादा आज हमारे बीच नहीं हैं, इस पर विश्वास करना कठिन है।

### केडीएमसी में महापौर-उपमहापौर पद के लिए नामांकन दाखिल

# महापौर पद के लिए शिंदे गुट की हर्षाली थविल ने भरा नामांकन

■ **उपमहापौर पद के लिए राहुल दामले ने भरा नामांकन**



**कल्याण.** कल्याण–डोंबिवली महानगरपालिका के महापौर और उपमहापौर पद के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। महापौर पद के लिए शिवसेना (शिंदे) की ओर से एडवोकेट हर्षाली थविल चौधरी ने, जबकि उपमहापौर पद के लिए भाजपा के राहुल दामले ने नामांकन पत्र दाखिल किया। केडीएमसी में महापौर कौन होगा इसे लेकर तस्वीर लगभग साफ हो गई है। शिवसेना–भाजपा तथा मनसे के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में हर्षाली थविल और राहुल दामले ने नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर कल्याण लोकसभा के सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे, विधायक राजेश मोरे, मनसे नेता राजू पाटील, भाजपा के नाना सूर्यवंशी, जिला अध्यक्ष नंदू परब, शिवसेना जिला प्रमुख गोपाल लांडगे, भाजपा नगरसेवक दीपेश म्हात्रे सहित अनेक पदाधिकारी और नगरसेवक उपस्थित थे। महापौर और उपमहापौर पद के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन था। हालांकि, दोनों पदों के लिए केवल एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त होने के कारण इन महत्वपूर्ण पदों पर चुनाव का परिणाम लगभग तय माना जा रहा है। इसलिए आगामी 3 फरवरी को होने वाली विशेष आम सभा में चुनाव प्रक्रिया केवल औपचारिकता रहने की संभावना है। इस दौरान सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि नए महापौर और उपमहापौर के नेतृत्व में शहर के विकास को और गति मिलेगी।

### किराए की कार के चक्कर में युवक की हत्या

**कल्याण.** शिल फाटा इलाके में किराए पर कार लेने को लेकर आपस में विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद आरोपी मृतक के दोस्त का अपहरण कर फरार हो गए। शिल डाइघर पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए घटना के दो घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और अगवा किए गए युवक को सुरक्षित बचा लिया।

**क्या है पूरा मामला**

शिल डाइघर पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि अमन शेख की 29 जनवरी को उसके दोस्त मोहम्मद फैसल मतिउल्लाह शेख के साथ कार किराए पर लेने से जुड़े पैसों के विवाद में हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने बताया, ₹मतिउल्लाह ने सैफ खान से एक कार किराए पर ली थी, लेकिन दोनों के बीच बाद में दिए जाने वाले पैसों को लेकर विवाद हो गया।

# अपहृत बच्ची सुरक्षित बरामद

■ **पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार**



**ठाणे.** शाम 6 बजे के करीब डीसीबी बैंक के सामने, खाड़ी मशीन रोड, मुंब्रा, ठाणे क्षेत्र में एक गंभीर अपहरण की घटना घटी। फरियादिया फरजाना मोहम्मद फिरोज मंसूरी (उम्र 23 वर्ष) निवासी अजमेरी हाइट्स, खाड़ी मशीन रोड, कौसा, मुंब्रा, अपनी दोनों बेटियों के साथ सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान उनकी बड़ी बेटी रो रही थी। उसी समय एक अज्ञात बुर्कानशीं महिला फरियादिया के पास आई और कहा, "छोटी बच्ची को मेरे गोद में दे दो, मैं भी सामने ही जा रही हूं।" भरोसा कर फरियादिया ने अपनी तीन माह की बेटी आफिया खातून (जन्म 18/10/2025) उसे दे दी। लेकिन उक्त महिला बच्ची को लेकर फरार हो गई।

पुलिस ने तत्काल 4 विशेष जांच टीमों का गठन किया। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से यह सामने आया कि आरोपी महिला ऑटो रिक्शा से मुंब्रा स्टेशन पहुंची थी। आगे की जांच में स्टेशन पर एक पुरुष और एक अन्य महिला की संलिप्तता सामने आई। आरोपीगण सीएसएमटी लोकल ट्रेन से यात्रा करते हुए जांच को गुमराह करने के लिए बच्ची के कपड़े और महिला का नकाब बदलते रहे। मुंब्रा से सीएसएमटी, मुंब्रा से टिटवाला और वांगणी क्षेत्र के बीच लगभग 1600 सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने इंशानगर, शादी महल हॉल रोड क्षेत्र से आरोपी महिला नसरीन इकलाख शेख को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने बच्ची को अकोला जिले के खेठरी, तालुका पातुर में होने की जानकारी दी। तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने वहां से बच्ची को सुरक्षित बरामद किया और अन्य आरोपी मोहम्मद मुजीब गुलाब (उम्र 31 वर्ष) तथा उसकी पत्नी खैरुनिसा मुजीब मोहम्मद (उम्र 30 वर्ष) को गिरफ्तार किया।

# ठाणे महापौर और उप महापौर पद के लिए किया गया नॉमिनेशन



**ठाणे.** मनपा सचिव मनीष जोशी ने बताया कि ठाणे मनपा मेयर पद के लिए शिवसेना की ओर से एक मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए भाजपा पार्टी की ओर से एक उम्मीदवार का नॉमिनेशन की गई है। शिवसेना की शर्मिला रोहित पिम्पोलकर ने मेयर पद के लिए अपना नॉमिनेशन किया वही भाजपा के कृष्णा दादू पाटिल ने आज डिप्टी मेयर पद के लिए अपना नॉमिनेशन फाइल किया।इस अवसर पर राज्य के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे,परिवहन प्रताप सरनाईक,सांसद नरेश म्हस्के,विधायक निरंजन डावखरे सहित नवनिर्वाचित कॉर्पोरेटर मौजूद थे।मेयर और डिप्टी मेयर पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया मंगलवार 3 फरवरी 2026 को सुबह 11.30 बजे होगी।चुनाव मनपा के सेकंड फ्लोर पर भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ऑडिटोरियम में होगा। इस चुनाव प्रक्रिया के पीठासीन अधिकारी, ठाणे जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्णनाथ पांचाल मौजूद रहेंगे और उनकी अध्यक्षता में चुनाव होगा।

### झुग्गी बस्ती में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**मुंबई.** गोवंडी में झुग्गी बस्तियों में आग लगने क घटना सामने आई। मनपा के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह पूर्वी उपनगरों के गोवंडी इलाके में एक झुग्गी बस्ती में बनी झोपड़ियों की कतार में आग लग गई। उन्होंने बताया कि न्यू गौतम नगर में सुबह करीब 10 बजे लगी इस आग में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। एक मनपा अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने के काम में चार दमकल की गाड़ियां लगाई गई थीं। आग चार से पांच झोपड़ियों तक सीमित रही। हालांकि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# रोटरी क्लब भिवंडी की ऑफिशियल क्लब विजिट सम्पन्न

■ **डिस्ट्रिक्ट गवर्नर हर्ष मकोल सहित तमाम गणमान्य रोटेरियन रहे उपस्थित**



भिवंडी.रोटरी क्लब ऑफ भिवंडी की ऑफियल विजिट में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर हर्ष मकोल द्वारा रोटरी क्लब सभागृह लेखाजोखा रिपोर्ट का आंकलन किया गया.भिवंडी रोटरी प्रेसीडेंट रमेश मालानी,सेक्रेट्री प्रदीप राका ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर को भिवंडी रोटरी द्वारा किए गए तमाम जनहित कार्यों की रिपोर्ट दी गई.डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने संतुष्ट होकर मुक्त कंठ से सराहना की.उक्त अवसर पर असिस्टेंट गवर्नर रोहिदास भोईर,जीजीआर अजय नाइक,सीनियर रोटेरियन एड लीलाराम सिंधी, पुरुषोत्तम दास पटेल, महेश आंग्रे,राजू पालीवाला, पराग मेहता,महेश कुमावत, मुरली हेडा,कन्हैयाल ईनानी,इलियास भाई, पराग मेहता,सुरेश गरेला,सुरेन्द्र बजाज,जयकुमार थेरानी आदि सम्मानित रोटेरियन उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि, भिवंडी रोटरी क्लब ऑफ भिवंडी द्वारा आयोजित ओसीवी के संबोधन में रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर हर्ष मकोल ने रोटरी क्लब ऑफ भिवंडी को 65 वर्ष का ऐतिहासिक क्लब बताते हुए कहा कि,रोटरी इंटरनेशनल आपके जनहित कार्यों में पूरा सहयोग करेगा.भिवंडी रोटरी क्लब को सदस्यों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है. रोटरी डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट हर्ष मकोल ने रोटरी क्लब ऑफ भिवंडी द्वारा उद्योगपति सोनीबाई रतनलाल हेडा के सहयोग से निर्मित भव्य सभागृह का उद्घाटन गणमान्य रोटेरियनो की गरिमामई उपस्थिति में किया.

रोटरी प्रेसीडेंट रमेश मालानी और सेक्रेट्री प्रदीप (पप्पू) राका ने गवर्नर मकोल सहित अन्य गणमान्य को मेवाड़ी पगड़ी,शाल देकर गौरव किया.डिस्ट्रिक्ट गवर्नर हर्ष मकोल ने मनपा सदन की खातिर दूसरी बार नवनिर्वाचित पार्षद ऋषिका प्रदीप राका का गौरव कर स्वर्णिम पारी की शुभकामनाएं दी.

# सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट करना चाहती हैं आलिया

■ **एक्ट्रेस बोलीं- कई बार मन करता है, लेकिन ऐसा करने से फैंस से संपर्क टूट जाएगा**



एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने हाल ही में कहा कि कई बार उनका मन सोशल मीडिया अकाउंट को डिलीट करने का करता है। एस्क्वायर इंडिया को दिए इंटरव्यू में आलिया ने कहा, "कई दिन ऐसे होते हैं जब मैं उठकर सोचती हूं कि बस सोशल मीडिया डिलीट कर दूं और सिर्फ एक्टिंग करूं। बार-बार इस बातचीत का हिस्सा नहीं बनना चाहती, लेकिन मुझे यह भी पता है कि ऐसा करने से उन लोगों से संपर्क टूट जाएगा, जिन्होंने शुरू से मेरा साथ दिया है। मैं ऐसा नहीं चाहती।"

बता दें कि आलिया भट्ट देश में सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली एक्ट्रेस में से एक हैं और इंस्टाग्राम पर उनके 86 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

**फोन की फोटो गैलरी राहा से भरी हुई है**

इंटरव्यू में आलिया ने मां बनने के बाद आए बदलावों पर भी बात की। उन्होंने बताया कि मां बनने के बाद उनकी पर्सनल लाइफ पूरी तरह बदल गई है। अब उनकी दुनिया ज्यादातर अपनी बेटी के इर्द-गिर्द घूमती है। आलिया ने कहा, "अब जब पर्सनल लाइफ की बात आती है, तो वह इतनी पर्सनल हो गई है कि उसे शेयर करना थोड़ा मुश्किल लगता है। मेरे फोन की फोटो गैलरी मेरी बेटी राहा से भरी हुई है। मुझे अपनी तस्वीरें लेने के लिए अलग से मेहनत करनी पड़ती है।" उन्होंने मां बनने को एक बड़ा बदलाव बताया। आलिया के मुताबिक, इससे न सिर्फ शरीर बदलता है, बल्कि सोच, प्राथमिकताएं और दुनिया को देखने का नजरिया भी बदल जाता है।

# SST महाविद्यालय की ओर से पालवी मूकबधिर विद्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का सफल आयोजन



**उल्हासनगर.** एसएसटी महाविद्यालय की डीएलएलई (आजीवन अधिगम एवं विस्तार विभाग) इकाई की ओर से पालवी मूकबधिर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस पहल के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की समग्र स्वास्थ्य जाँच की गई।

इस शिविर में साई आशीष अस्पताल की बालरोग विशेषज्ञ डॉ. रीता रोचलानी ने विद्यार्थियों की विस्तृत स्वास्थ्य जाँच की। जाँच के पश्चात प्रत्येक विद्यार्थी की स्वास्थ्य रिपोर्ट तैयार कर विद्यालय को सौंप दी गई। इससे विद्यार्थियों की स्वास्थ्य स्थिति की गहन जानकारी प्राप्त हुई तथा आगे के चिकित्सकीय मार्गदर्शन के लिए आवश्यक दिशा मिली।

यह स्वास्थ्य शिविर महाविद्यालय की डीएलएलई इकाई द्वारा आयोजित किया गया था। महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ.पुरस्वानी तथा आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी के मार्गदर्शन में डीएलएलई जिला समन्वयक प्रा. दिलीप आहुजा, प्रा. कोमल कामरा तथा डीएलएलई स्वयंसेवकों ने विशेष परिश्रम किए। इस स्वास्थ्य जाँच के माध्यम से विद्यार्थियों के समग्र स्वास्थ्य की सटीक एवं विस्तृत जानकारी प्राप्त होने पर विद्यालय के शिक्षकों ने संतोष व्यक्त किया। साथ ही, विद्यार्थियों को उचित उपचार एवं आगे की देखभाल हेतु उपयोगी मार्गदर्शन मिलने की प्रतिक्रिया पालवी मूकबधिर विद्यालय के शिक्षकों ने दी। समाजोपयोगी एवं संवेदनशील पहल के रूप में यह शिविर विशेष रूप से उल्लेखनीय सिद्ध हुआ।






# श्री गोपाल कृष्ण मंदिर ट्रस्ट द्वारा ब्रह्मोत्सव का आयोजन



**भिवंडी.** श्री गोपाल कृष्ण मंदिर की 61वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 3 दिवसीय वार्षिक परंपरागत ब्रह्मोत्सव उत्सव हाल ही में मनाया गया. कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की होम हवन पूजन, मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन किए गए. श्री गोपाल कृष्ण की प्रतिमा की पालकी यात्रा शहर के प्रमुख भागों से निकाली गई.पुरुष और महिला भक्तों ने ढोल और झांझ की ध्वनि के बीच उत्साहपूर्वक नाम जपते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई.

श्री गोपाल कृष्ण मंदिर ट्रस्ट की ओर से ब्रह्मोत्सव का आयोजन किया गया.ट्रस्टी गण देवकिशन करवा, अविनाश सिकची, रामेश्वर काकाणी, नवल करवा इनके साथ-साथ माहेश्वरी, महाराष्ट्रीयन, गुजराती, मारवाड़ी, पटेल अग्रवाल आदि समुदायों का इसमे महत्वपूर्ण सहयोग रहा.पालकी के बाद, पूर्णाहुती,और शांति उत्सव के साथ समारोह का समापन हुआ.

# ठाणे की अदालत ने पत्नी की हत्या के आरोपी को किया बरी

**ठाणे.** ठाणे की एक अदालत ने अपनी पत्नी की हत्या के आरोपी 50 वर्षीय व्यक्ति को गवाह में विसंगतियों का हवाला देते हुए और यह फैसला सुनाते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे अपराध साबित करने में सफल नहीं रहा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एसबी अग्रवाल ने दाइघर निवासी मोहम्मद तारिक पीरमोहम्मद शेख को अपनी पत्नी सगुफ्ता शेख की हत्या के आरोप से बरी कर दिया।

22 जनवरी को पारित आदेश की एक प्रति शुक्रवार को उपलब्ध कराई गई। मामले के विवरण के अनुसार पीड़िता सगुफ्ता शेख, 19 मई, 2024 को अपने घर में कई फ्रैक्चर और चोटों के साथ मृत पाई गई थी। अभियोजन पक्ष का मामला पीड़िता के भाई और पिता की गवाही पर आधारित था, जिन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी अक्सर पीड़िता से झगड़ा करता था।

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099